न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :–अनिल कुमार आर.ए.एस.
राजस्व आवेदन संख्या – 43/2023
बनाम

प्रार्थीगण

1. अलीशेर पुत्र शाहमीर
2. इस्माईल पुत्र तैयब
3. नवाब खां पुत्र तयब
4. मोहम्मद पुत्र इशा
5. सलीमत पत्नी शाहमीर
6. हसण पुत्र शाहमीर
7. हासम पुत्र तयब
8. अमीर पुत्र शाहमीर जाति मुसलमान निवासी तामलियार तहसील रामसर।

बनाम

विप्रार्थीगण

1. तहसीलदार रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 136 राज0भू0राज0 अधिनियम वास्ते तरमीम दुरस्ती

आदेश

दिनांक 18.03.2024

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि मौजा चैनपुरा पटवार क्षेत्र चाडी तहसील रामसर के खसरा संख्या 206 रकबा 10.1252 हेक्टयर भूमि प्रार्थीगण की तथा खसरा संख्या 206 के सेढा पड़ौसी खसरा संख्या 205 व 203 में आपसी विवाद के कारण उक्त दोनों खसरों के खातेदारान का सहायक कलक्टर सेटलमेन्ट विभाग बाड़मेर के यहा दावा कर उपरोक्त दोनो खसरों में आपसी राजीनामा से दिनांक 09.02.1957 को मिसल संख्या 787/56 निर्णय दिनांक 18.02.1957 की पालना में खसरा संख्या 203 के मूल रकबा 356 बीघा 14 बिस्वा में निर्णयानुसार 20 बीघा 10 बिस्वा शामिल कर कर खसरे का मूल रकबा 377 बीघा 04 बिस्वा रेकर्ड में दर्ज किया गया। रकबा 20 बीघा 10 बिस्वा पड़ौसी खसरा संख्या 205 मूल रकबा 186 बीघा 02 बिस्वा में से कम किया जाकर रकबा 165 बीघा 12 बिस्वा रेकर्ड में दर्ज किया गया। उक्त रकबा 20 बीघा 10 बिस्वा की भूमि की तरमीम प्रभावित खसरा संख्या 203 व 205 में न करके भुलवंश पड़ौसी खसरा संख्या 206 में संलग्न परिशिष्ट ब अनुसार कर दी जिसे दुरस्त कर संलग्न परिशिष्ट 'अ' अनुसार दुरस्त किये जाने हेतु यह आवेदन इस न्यायालय में दिनांक 25.08.2022 को दर्ज किया गया।

आवेदन दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को सम्मन जारी किये। तहसीलदार रामसर से मौका रिपोर्ट चाही गई। मौका रिपोर्ट प्राप्त हुई जो शामिल पत्रावली की गई। बहस सुनी गई।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा चैनपुरा पटवार क्षेत्र चाडी तहसील रामसर के खसरा संख्या 206 रकबा 10.1252 हेक्टयर भूमि लटठा ट्रेस में विद्यमान तरमीम निरस्त की जाकर संलग्न नवशा परिशिष्ठ 'ब' अनुसार तरमीम दुरस्ती किये जाने के आदेश पारित किये जाते हैं। तहसीलदार रामसर तदनुसार दुरूस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता है। संलग्न प्रस्तावित नक्शा परिशिष्ठ 'ब' इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

यह आदेश आज दिनांक 18.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधिकारी
रामसर

क्रमांक : रीडर/2024/10808/
दिनांक 18/3/24

प्रतिलिपि :–

1. तहसीलदार रामसर ।
2. प्रार्थीगण अलीशेर पुत्र शाहमीर वगेराह।

उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधिकारी
रामसर